उज्जैन व्यापार मेले का प्रथम संस्करण

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **उज्जैन व्यापार मेले** का पहला संस्करण संपन्न हुआ, जिसमें एक महीने में **23,700 से अधिक वाहन** बेचे गए, जिससे **1,200 करोड़ रुपए** से अधिक का कारोबार हुआ।

मुख्य बिंदु:

- **उज्जैन क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (RTO)** के अनुसार, **40 दिनों तक चले उज्जैन व्यापार मेले** में बेचे गए वाहनों पर **कर छूट और राजस्व** 125 करोड़ रुपए से अधिक रहा।
    - यह फरवरी 2024 में संपन्न **ग्वालियर मेले** में दी गई कर छूट से 20% अधिक है।
- राज्य सरकार ने उज्जैन विक्रम व्यापार मेले में गैर-परिवहन वाहनों और हल्के परिवहन वाहनों की बिक्री पर **आजीवन मोटर वाहन कर की दर में 50% की छूट** की पेशकश की थी।
    - **गैर-परिवहन हल्के मोटर वाहन** कार की तरह निजी उपयोग के लिये होते हैं, जबकि हल्के परिवहन मोटर वाहनों का उपयोग यात्रियों और सामान ले जाने के लिये किया जाता है।



//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/first-edition-of-the-ujjain-trade-fair